# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 13 सितंबर 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]


# पीएम रिपोर्ट से खुलासा...गमछे से गला घोटकर भाई ने ही की थी हत्या

## जिले के छुरिया थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी भाई को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब पीकर आए दिन विवाद करने से परेशान होकर बड़े भाई ने छोटे भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक को अस्पताल ले जाने एवं पीएम रिपोर्ट में खुलासा होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी भाई को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत खेमू साहू पिता अशोक साहू 30 वर्ष निवासी छुरिया को 14 जुलाई को अत्याधिक शराब पीने के बाद शरीर में कोई हलचल न होने पर छुरिया अस्पताल ले जाया गया था । जिसका पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु गला दबाने से होना एवं हत्यात्मक होना लेख किया गया था।

### बकरा खाऊंगा कहकर किया विवाद

घटना दिनांक को भी घर में मुर्गा बना था, तब बकरा खाऊंगा कहकर घर में विवाद किया था। आरोपी के साथ भी मृतक का विवाद हुआ था। इस बात को लेकर आरोपी रंजिश रखा था, जब घर में कोई नहीं था, तब खेमू अपने कमरे में शराब के नशे में अकेला था। इस दौरान आरोपी महेन्द्र ने हाथ-मुक्के से खेमू के सीने एवं गले में वार किया एवं गमछे से गला दबा दिया था। घर वाले अब तक अत्याधिक शराब पीने से मृत्यु होना समझ रहे थे।

### खास बातें

- शराब के नशे में था मृतक, भाई ने कर दी हत्या
- पीएम रिपोर्ट में हुआ गला दबाकर हत्या करने का खुलासा
- अक्सर होता था दोनों में विवाद



### आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी महेन्द्र साहू पिता अशोक साहू 32 साल साकिन वार्ड नंबर 13 गैंदाटोला रोड छुरिया को 12 सितंबर को धारा 103(1) बीएनएस का घटित किया जाना पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू, सहायक उपनिरीक्षक एसएल कंवर एवं आरक्षक देवीप्रसाद साहू, फुलेन्द्र राजपूत का विशेष योगदान रहा।

### परिजनों से पुलिस ने की पूछताछ

जिस पर छुरिया पुलिस ने इस जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। हत्या के इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में छुरिया पुलिस ने मृतक खेमू साहू के परिजनों से पीएम में पाए तथ्यों के आधार पूछताछ किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी महेंद्र साहू ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदि था। आए दिन शराब पीकर घर में विवाद करता था। सब्जी में नुक्स निकालता था, कड़ाही में पानी डाल देता था।

## खबर संक्षेप

### 47 गांव में पानी की सप्लाई रहेगी बंद

**राजनांदगांव**। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित हो रहे धीरी एवं मोहारा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत शिवनाथ नदी स्थित इंटेकवेल में बाढ़ का पानी आ जाने के कारण राजनांदगाव विकासखंड के 47 ग्रामों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी। पानी की सप्लाई नहीं होने की सूचना संबंधित गांव के सभी सरपंचों को विभाग द्वारा दी जा चुकी है। नदी का जल स्तर कम होने पर पुनः सप्लाई निर्बाध रूप से यथावत रहेगी।

### माए एंगल




## शिवनाथ में आई बाढ़ से इंटेकवेल में आया पानी, सप्लाई हुई प्रभावित

# शहर में दो दिनों से पेयजल सप्लाई ठप जिले के 47 गांवों में भी नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमवार देर रात हुई तुफानी बारिश के बाद आई बाढ़ से अब तक पूरी तरह राहत नहीं मिल पाई है। इस बाढ़ के कारण राजनांदगांव शहर में पिछले दो दिनो से पेजयल सप्लाई बाधित है। इतना ही नहीं जिले के करीबन 47 गांव भी ऐसे है, जहां तक बाढ़ के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। ऐसे में इतना पानी गिरने के बाद भी करीबन दो लाख लोगों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि मोहरा स्थित शिवनाथ नदी में आई बाढ़ की वजह से। जल संयंत्र भी बाढ़ की चपेट में आ गया। फिल्टर प्लांट की मशीनों को शिफ्ट करने की वजह से शहर में एक दिन जलापूर्ति ठप हो गई तो वहीं आज दूसरे दिन भी शहर के कुछ वार्डों में नल नहीं खुलने की वजह से पेयजल संकट बरकरार रहा। हालांकि अब जलस्तर कम होने के बाद ऐसी संभावना है कि जलापूर्ति फिर पटरी पर आ जाएगी।



### अब तक 1085 मिमी बारिश

नांदगांव जिले में 1 जुन से अब तक 1085 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकीं है। मानसून में कुल 1200 मिमी बारिश का औसत है। वहीं मोहला-मानपुर जिले में अब तक करीबन 1200 मिमी बारिश और खैरागढ़ जिले में 815 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकीं है।

### दो दिन से नहीं हुई जलापूर्ति

निगम द्वारा बाढ़ के चलते 11 सितंबर की सुबह जलापूर्ति नहीं होने की जानकारी दी गई थी लेकिन दोनों टाइम नल नहीं खुला। आज 12 सितंबर की सुबह कुछ वार्डों में चंद मिनटों के लिए जलापूर्ति हुई, तो वहीं फिल्टर प्लांट चालू नहीं होने की वजह से टंकी नहीं भरने के चलते अधिकांश वार्डों में पेयजल संकट बना रहा। पेयजल संकट से जूझ रहे वार्डों में पानी टैंकर भी नहीं पहुंचा, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी भी रही।

### बढ़ते जल स्तर से सप्लाई बंद

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जिले में संचालित हो रहे धीरी एवं मोहारा समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत शिवनाथ नदी स्थित इंटेकवेल में बाढ़ का पानी आ जाने के कारण राजनांदगाव विकासखंड के 47 ग्रामों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी। पानी की सप्लाई नहीं होने की सूचना संबंधित गांव के सभी सरपंचों को विभाग द्वारा दी जा चुकी है। नदी का जल स्तर कम होने पर पुनः सप्लाई निर्बाध रूप से यथावत रहेगी।

**वाटर पंप में भरा पानी** : शिवनाथ नदी में आये बाढ़ की वजह से मोहरा वाटर फिल्टर प्लांट में 5 एमएलडी, 10 एमएलडी, 17 एमएलडी और 27 एमएलडी क्लियर वाटर पंप हाउस में पानी भर गया था। जिसकी वजह से नगर निगम को फिल्टर प्लांट को बंद करना पड़ा। वहीं मोटर पंपों को सुरक्षित रखने हेतु ऊपर वाले पर शिफ्ट किया गया। वहीं अब बाढ़ का पानी उतरने के बाद अमृत मिशन के इंजीनियरों द्वारा वापस फिल्टर प्लांट के मोटर पंप फिटिंग कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह से दो दिनों से जलापूर्ति अधिकांश वार्डो में नहीं हो पाई है।

### कल से बारिश के आसार

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में फिर एक बार झमाझम बारिश के हालात बन रहे हैं। विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र अगले 24 घंटे में तटीय बांग्लादेश और उसके आसपास बनने की संभावना है। इसके पश्चात पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में तटीय पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर उसके 48 घंटे में पहुंचने की संभावना है।

#### कल से बढ़ेगी गतिविधियां

प्रदेश में कल शुक्रवार को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। 14 सितंबर से प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है।

# प्राध्यापकों को मिलेंगे महीने के 1.90 लाख




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लंबे समय से वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे डॉक्टरों की आखिरकार सरकार ने सुन ली है। सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत डॉक्टरों के वेतन में करीबन 25 फीसदी का इजाफा कर दिया गया है। सरकार के नए आदेश अनुसार अब प्राध्यापकों को वेतन के रूप में 1.90 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। इनके वेतन में 35 हजार रुपए की वृद्धि की गई है।

ऐसे ही सह प्राध्यापक को अब 1.35 लाख की जगह 1.55 लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। सहायक प्राध्यापक को 90 हजार की जगह एक लाख एवं सीनियर रेसीडेंट-प्रदर्शक को 65 हजार वेतन के बदले 75 हजार रुपए मासिक भुगतान किया जाएगा। हालांकि सरकार ने आदेश में यह भी साफ कर दिया है कि महाविद्यालयों में स्वशासी समिति के फंड से किसी भी पद के निर्धारित संविदा वेतन में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। वहीं समिति द्वारा वेतन में वृद्धि से पहले वित्त विभाग की अनुमति लेने को कहा गया है।

### अगस्त में मिले 14 नए डॉक्टर

उल्लेखनीय है कि महीनेभर पहले ही चार अगस्त को राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों को पदस्थ किया है। इनमें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल को भी 14 नए एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध कराए गए हैं। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी बैठक लेकर स्टॉफ की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया था।

# अवैध रूप से शराब की बिक्री, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आम जगह पर शराब सेवन करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर सूचना मिली कि पायल ढाबा के पीछे एक व्यक्ति शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने अरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी शत्रुहन यादव 40 वर्ष निवासी गौरीनगर चौकी चिखली के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रुपए एवं बिक्री रकम 180 रुपए जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### पुलिस ने की कार्रवाई

वहीं अवैध रूप से आम जगह पर शराब पी रहे एवं नशे में धुत आरोपियों अजय गुप्ता 38 वर्ष निवासी मोतीपुर, संदीप पांडेय 35 वर्ष निवासी स्टेशनपारा व उकेन्द्र रामटेके 26 वर्ष निवासी अटल आवास पेंड्री द्वारा आम जगह पर शराब पीकर नशे में मदहोश होकर गिर पड़ रहे थे। जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रहा था, जो आरोपियों का यह कृत्य 36 (च) (1) आबकारी एक्ट का पाए जाने से आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बाढ़ के पानी में फंसे लोगों का रेस्क्यू रतजगा कर सात लोगों को निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारिश के चलते नदी के बाढ़ में फंसे 7 लोगों का रेस्क्यू कर पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने बचाया, जिन्हे सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। लगातार हो रही बारिश के चलते जिले के नदी-नाले उफान पर हैं, जिसे लेकर प्रशासन व पुलिस द्वारा राहत कार्य किया जा रहा है। बाढ़ के पानी में अलग-अलग स्थानों पर फंसे 7 लोगों का रेस्क्यू कर पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार 11 सितंबर को बारिश के चलते डोंगरगांव, मोहारा तथा बागनदी क्षेत्रों का दौरा कर वहां के हालात का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर जिले के समस्त थाना व चौकी क्षेत्रों के प्रभारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सतत निगरानी रखने और वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए थे।



### छत में फंसे चार का रेस्क्यू

बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन चुकी है। ऐसे में प्रशासन द्वारा पूरी सजगता और सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। शिवनाथ नदी के तटीय क्षेत्र मोहारा, हल्दी, सिंगदई में पुलिस रात में भी ड्यूटी पर तैनात है। साथ ही पेट्रोलिंग पार्टी लगातार गश्त कर रही है, ताकि इस स्थिति में लोगों को आवश्यकतानुसार सहयोग किया जा सके। थाना लालबाग क्षेत्र के ग्राम मोहभट्ठा में कल से एक परिवार के 3 महिला एवं 1 पुरूष कुल 4 सदस्य अपने घर के छत पर फंसे थे, जिसे थाना लालबाग पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम द्वारा रेस्क्यू कर सही सलामत सुरक्षित निकाला गया।

### फार्म हाऊस एवं पेड में फंसे लोगों को बचाया

थाना सोमनी क्षेत्र के ग्राम धीरी में 2 व्यक्तियों द्वारा कृषि कार्य के लिए अपने फार्म हाऊस गया था एवं ग्राम धीरी-खुटेरी में शिवनाथ नदी के बहाव में शाम को एक युवक झाड़ में फंसा हुआ था, जिसे सोमनी पुलिस एवं दुर्ग के एसडीआरएफ टीम के सहयोग से सुरक्षित निकाला गया। पुलिस की अपील है कि बाढ़ की स्थिति को देखते हुए नदी के तटवर्ती क्षेत्रों में जाकर वीडियो या रील बनाने से बचे तथा रील बनाने के चक्कर में अपने जिंदगी को जोखिम में न डाले।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की बैठक 19 को

**मोहला**। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग रायपुर के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 19 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में शासन के समस्त विभागों में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के भागीदारी की समीक्षा व चर्चा की जाएगी। बैठक में आयोग के सदस्य यशवंत सिंह वर्मा, नीलांबर नायक, बलदाऊराम साहू, हरिशंकर यादव, शैलेंद्री परगनिया, कृष्णा गुप्ता उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय अधिकारियों को जिले की संक्षिप्त विवरण एवं जानकारी के साथ निर्धारित तिथि को बैठक में उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।


एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई

प्रदेश के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विषेशज्ञ



डॉ. संजय कुमार शर्मा
एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएनबी(नेफ्रोलॉजी)
आपके शहर राजनांदगांव में

किडनी रोग के लक्षण
मूत्र में रक्त या झाग आना, हाथ पैर एवं चेहरे में सूजन आना, पेशाब के आवृत्ति में परिवर्तन, पेशाब की मात्रा कम हो जाना, पीठ दर्द या पेट के निचले हिस्से में दर्द
टेम्परारी एवं परमानेंट कैथेटर इंसर्शन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड से डायलिसिस/ईलाज की सुविधा

दिनांक : 14 सितम्बर 2024 (माह के दूसरे व चौथे शनिवार को)

समदा हॉस्पिटल
महामाया चौक, बसंतपुर, राजनांदगांव
समय दोपहर
2:00 बजे से 3:00 बजे तक

स्पर्श चाईल्ड केयर
बीएसएनएल माइक्रोवेव टॉवर के पास, भदौरिया चौक, जी.ई. रोड, राजनांदगांव
समय दोपहर
3:00 बजे से 4:00 बजे तक

-: अग्रिम पंजीयन हेतु कॉल करें :-
9098122633, 7773010942

Deepak Advts.



## 14 सितंबर को श्रद्धा भक्ति से मनाया जाएगा डोल ग्यारस पर्व

# जलक्रीड़ा करने निकलेंगे भगवान राधा-कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी नगरी में रियासतकाल से विभिन्न मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठित लड्डूगोपाल भगवान एवं भगवान राधाकृष्ण भादवा शुक्ल पक्ष एकादशी (जलझूलनी एकादशी) के अवसर पर अपने-अपने मंदिरों से निकलकर भव्य डोलों में बैठकर भजन-सत्संग करते भक्तों संग नगर भ्रमण करते रानीसागर पहुंचेंगे, जहां भगवान जलक्रीड़ा का आनंद प्राप्त करेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी।

वर्ष 2018 में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के आह्वान पर नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले भगवान के डोले श्री बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी में एकत्रित होकर एक साथ संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव के बैनर तले शोभायात्रा के रूप में निकल रहे हैं। संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया के अनुसार 14 सितंबर को इस



भव्य शोभायात्रा में श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री बाला बाबा मंदिर, श्री बलभद्री जमात मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री जलाराम राम मंदिर, श्री बलदेव राधा-कृष्ण किला मंदिर, स्वामी जुगल किशोर बड़े जमात मंदिर, नोनीबाई मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर सहित अनेक निवासों में विराजित भगवान लड्डूगोपाल एवं भगवान राधाकृष्ण सज-धजकर भव्य डौले अथवा रथ में विराजमान होकर एक साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। इस वर्ष भी जल क्रीड़ा महोत्सव को भव्य स्वरूप में धूमधाम से मनाया जाएगा।

### रानीसागर में आयोजन

जलक्रीड़ा महोत्सव के अंतर्गत सभी मंदिरों के भगवान शनिवार 14 सितंबर को अपने-अपने मंदिरों से निकलकर दोपहर 2 बजे तक श्रीबालाजी मंदिर पुरानी गंज मंडी पहुंचेंगे। यहां पधारे हुए सभी देवताओं का पूजन-अर्चन श्री बालाजी मंदिर की ओर से किया जाएगा। आरती पश्चात दोपहर 2.30 बजे चंद्रेश जैन के भजन-सत्संग के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी। सुसज्जित डोलों में विराजे भगवान की शोभायात्रा पुरानी गंज मंडी बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारतमाता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक से फौव्वारा चौक होते हुए रानीसागर पहुंचेगी। यहां भव्य सुसज्जित नाव में बैठकर भगवान जलक्रीड़ा करेंगे।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
- सीने में भारीपन
- उच्च रक्तचाप,
- ब्लड शुगर, • थायराइड
- चलने पर सांस फूलना,
- कंधों में जकड़न,
- धड़कन का कम या ज्यादा होना
- चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
- कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
- पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व खराब होना आदि रोगों का उपचार.

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय, लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय! नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय, गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते!!


माँ शीतला समिति चारभाटा


सिद्धि विनायक समिति भनपुरी


बाल गणेश उत्सव समिति भानपुरी


गांधी चौक सिंघनवाही


गणेशोत्सव समिति कँडीबाड़ी


गणेश उत्सव समिति चेंदरीबन नवागांव

## खबर संक्षेप



### गोविंदोत्सव का आयोजन

**मुरमुंदा।** श्री राम भक्त युवा समिति ने ग्राम के भारत माता चौक में गोविंदोत्सव का आयोजन किया। रायपुर की टोली गोविंदा लूटने में कामयाब रही।

### 19 केन्द्रों में होगी अधीक्षक भर्ती परीक्षा

**मोहला।** आगामी 15 सितंबर को व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के सभी 19 केन्द्रों के केंद्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण और परीक्षा सामग्री प्रदान किया गया। जिला नोडल डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मौसम का ध्यान रखते हुए परीक्षा में कोई त्रुटि किए बिना एवं पूरी दक्षता से कार्य करने हेतु तथा परीक्षार्थियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने निर्देशित किया। वनाँचल के 19 केन्द्रों में 5502 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### देशसेवा करेगी मुंदगांव की बेटी

**मुरमुंदा।** ट्रेनिंग पूरी करने के बाद सीआरपीएफ के लिए चुनी गई मुंदगांव की ज्योति निषाद के गत दिनों गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। ग्राम पंचायत ने सम्मान समारोह का आयोजन कर ज्योति निषाद का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच पन्नालाल साहू ने ज्योति निषाद की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत से पूरा गांव गर्वित है। ज्योति से प्रेरणा लेकर अन्य बच्चों को आगे बढ़ना चाहिए।



### फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने घोषणा पत्र के अनुसार केंद्र के समान 1 जनवरी से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ता की एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ खाते करने, चार स्तरीय समय मान वेतनमान देने, केंद्र के समान गृहभाड़ा देने की मांग किया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान संयोजक विनोद टांडेकर, जीवन साहू, बीआर रामटेके, आरडी मानिकपुरी, मनोज ठाकुर, गणपत कुंजाम, सालिकराम साहू, वीरेंद्र वैष्णव, धनसाय सलामे, काजल शोरी, विजय मेश्राम, यादव बाबू, विष्णु शर्मा, रितेश दीक्षित, असरफ खान आदि मौजूद थे।



### शिकायत के समाधान में कोताही कर रहे विद्युत कर्मी

**घुमका।** ग्राम का विद्युत कार्यालय केवल नाम का हो गया है। उपभोक्ताओं को हर काम के लिए सोमनी जाना पड़ता है यहां बाबू के अलावा कोई भी अधिकारी नहीं मिलता। अंचल के विद्युत उपभोक्ता विभिन्न समस्याओं को लेकर परेशान हैं। समस्या बताने पर अधिकारी का एक ही जवाब होता है कि हमारे पास कर्मचारी नहीं है। टेमरी क़े डोमेश साहू ने बताया कि कनिष्ठ अभियंता को समस्या से बताने पर नकारात्मक जवाब मिलता है जिससे ग्रामीण आक्रोशित है। गोपालपुर के उपभोक्ता भी परेशान है। घुमका के वार्ड 6 में लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। सरपंच फूलमती वर्मा ने गत दिनों वार्डवासियों के साथ कनिष्ठ अभियंता से मुलाकात कर समस्या के निराकरण की मांग किया।



### मुआवजा दिलाने की मांग

**छुरिया।** विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह से छुरिया क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने मुलाक़ात कर बाढ़ पीड़ित किसानों को राहत और मुआवजा दिलाने की मांग रखी। डा सिंह से मुलाकात करने पहुंचे एमडी ठाकुर, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, घाँसीराम साहू के नेतृत्व में महराजपुर के सरपंच थानसिंह कंवर, पूर्व सरपंच श्यामसुंदर साहू ने हाई स्कूल खोलने एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। श्री ठाकुर एवं श्री डडसेना ने बाढ़ प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत दिलाने की मांग किया।



### एक दिन में किया लाखों का भुगतान

**डोंगरगढ़।** पालिका के स्थानांतरित सीएमओ द्वारा एक की तारीख में 50 लाख से उपर का टांसफर के बाद चार्ज देने के पूर्व एक सप्ताह पहले की डेट में एक ही तारीख में अधिक का चेक जारी करने की जानकारी मिली है। सीएमओ ने 11 मार्च की रात तक 6 मार्च की डेट में ऐसे निर्माण का भी भुगतान किया जिसमें अनियमितता बरतने के साथ स्टीमेट को दरकिनार कर निर्माण कराया गया है। उक्त सीएमओ पर पदस्थ होने के बाद निर्माण कार्यो, खरीदी, मरम्मत, स्टेशनरी खरीदी, प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम, नवरात्रि व्यवस्था, डीजल पेट्रोल खरीदी आदि में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई थी।

## बारिश ने खोली प्रशासनिक व्यवस्था की पोल, शहर में चहुंओर अव्यवस्था

# छिपा पुल टूटा, आवागमन हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

ग्राम पंचायत छिपा में पुल टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया है। बच्चे, मजदूर सहित अन्य इसी मार्ग का उपयोग आवागमन के लिए करते हैं। रास्ता बंद होने से बच्चे काफी परेशान हो रहे है। सरपंच ओमप्रकाश लिल्हारे ने बताया कि विभाग के अधिकारियो को समस्या से अवगत कराया जा चुका है। स्थल निरीक्षण के बाद वैकल्पिक व्यवस्था नहीं करने से समस्या जस की तस बनी हुई है।

बीते सोमवार को तेज बारिश होने से नदी - नाले उफान पर थे। पानी के तेज बहाव से छिपा का स्टाप डैम सहित पुल क्षतिग्रस्त हो गया और पानी के खेतों से जाने से कई किसानों की फसले बर्बाद हो गई। यह समस्या पिछले 5 वर्षों से बनी हुई है। सरपंच द्वारा संधित विभाग को कई बार अवगत कराया किंतु अधिकारियों ने अब तक कोई निर्णय नहीं लिया है जिसके चलते न ग्रामीणों को वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए स्टाप डैम की मरम्मत करना पड़ता है जो बारिश होने से बह जाता है।





### ठेकेदार की लापरवाही उजागर

छिपा नदी में पुल बनाने का कार्य विगत कई महीनो से चल रहा है। ठेकेदार से सरपंच सहित ग्राम के चंद्रशेखर वर्मा, बीरबल वर्मा, डाकवर वर्मा, मुकेश वर्मा, योगेश वर्मा, प्रीतम वर्मा, यदु वर्मा, खमन वर्मा, सोनू वर्मा, यशवंत वर्मा, छन्नू वर्मा, रोहित कुमार, जितेंद्र वर्मा, लक्ष्मण विश्वकर्मा,अनिल वर्मा, मांगीलाल, दिलीप साहू, मनहरण लिल्हारे सहित अन्य कई बार गुणवत्ता लाने बोल चुके किन्तु ध्यान नहीं दिया जाता।

कार्य में लेट लतीफी से समस्या और बढ़ रही है, जबकि बरसात के पहले कार्य में तेजी लाने कहा गया था। ठेकेदार की लापरवाही से अब तक पुलिया का आधा काम हुआ है। सड़क अधूरी है। मुसरा से पलांदूर तक डामरीकरण कार्य में भी विलंब हो रहा है।

## अतिक्रमण से नाले हुए संकरे, जाम हो रहा पानी, सफाई व्यवस्था भी खस्ताहाल

**डोंगरगढ़।** बारिश थमने के बाद नदी नालों का जलस्तर कम हुआ है किन्तु लोगों को हुए नुकसान को गंभीरता से लेने के बजाय घर बैठे ही आंकलन किया जा रहा है। बड़ी आपदा के बाद अधिकारियों ने कुछ स्थानों पर जाकर जायजा लेने का महल दिखावा कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। बाढ़ से हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी राजस्व विभाग अब तक एकत्रित नहीं कर पाया है। वहीं किसी भी जनप्रतिनिधि ने मौका मुआयना करना जरूरी नहीं समझा। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ और डोंगरगांव में कांग्रेस के विधायक है और दोनों के ही क्षेत्र बारिश से काफी प्रभावित हुए थे। वहीं भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने भी प्रभावितों को राहत पहुंचाने का प्रयास नहीं किया। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि मकान, संपत्ति और फसल को नुकसान पहुंचने की पुष्टि हुई है।

सोमवार की रात हुई बारिश ने स्थानीय प्रशासन की पोल खोलकर सामने ला दिया। नगर में जगह- जगह कूड़े का ढेर तथा चोक नालियों का कचरा सड़क पर आ गया। निचली बस्तियों के घरों में पानी भरने से लोगों को नुकसान उठानाा पड़ा। रात भर बारिश से बचने की जुगत करने के बाद लोगों ने सुबह दैनिक व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास किया।

जानकारी के अनुसार शहर को एक नाला दो भागों में विभाजित करता है। पहले यह नाला करीब 100 फीट तक चौड़ा था जो अब घटकर 20 से 30 फीट तक रह गया है। जगह-जगह हुए अतिक्रमण के कारण पानी



की निकासी नहीं हो पा रही है जिससे बारिश होने पर पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। इस तरह की परेशानी के लगातार सामने आने के बाद पालिका प्रशासन अतिक्रमण पर अंकुश लगााने की दिशा में गंभीर नहीं है।

### पालिका उपाध्यक्ष ने संभाला मोर्चा

पालिका के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने कालकापारा से बधियाटोला तक नाले के दोनों तरफ सफाई कराया तब स्थिति नियंत्रण मेंआई। उन्होंने लोगों से नाले के किनारे से अतिक्रमण हटाने और सफाई में सहयोग करते हुए कचरों को बाहर नहीं डालने की अपील की है।

### अवैध कालोनियों में स्थिति दयनीय

नगर के प्रत्येक वार्ड में अवैध कब्जों की बाढ़ आई हुई है। अवैध कब्जे होने के बाद भी पालिका प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। पालिका की उदासीनता से अवैध निर्माण करने वालों के हौसले बुलंद है। जानकारी के अनुसार लोग जब कभी अवैध निर्माण की शिकायत करते है तो अवैध निर्माण करने वाले उन्हें धमकाने लगते हैं। वार्ड 2 एवं 3 में खैरागढ़ मार्ग के किनारे और गैस एजेंसी तक सर्वाधिक अतिक्रमण देखा जा रहा है।

### सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

नगर में सफाई व्यवस्था का भी बुरा हाल है। शहर के 20 से अधिक वार्डों में रिक्शे के माध्यम से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन हो रहा है इसके बाद भी अधिकांश वार्डों में मुक्कड बने हुए हैं। हर वार्ड में गंदगी पसरी हुई है। मनमाने अतिक्रमण के चलते चमगेदरीपारा, खूंटापारा, शिशु मंदिर मार्ग, दंतेश्वरीपारा, बुधवारी, खालसा स्कूल के पीछे सबसे अधिक जल भराव की स्थिति बनी थी। नाला इतना अधिक भर गया था कि कहीं-कहीं तो रिटर्निंगवॉल के ऊपर से पानी बह रहा था। नाले में बने पुल में कचरा जाम हो गया था जिससे सर्वाधिक परेशानी हुई। पालिका के दल ने सुबह कचरे को हटाने की कवायद शुरू की । इसी प्रकार आदर्श नगर, कालकापारा, टिकरापारा, इंदिरानगर में भी पानी भरा नजर आया।

### बागनदी के स्कूल में भरा पानी



महाराष्ट्र सीमा में बसे बागनदी में बाढ़ आने से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पूरी रात बारिश होने से एकक होटल के ढहने की जानकारी मिली है। वहीं मीडिल स्कूल में लगभग 5 फीट पानी भर गया था। प्रभारी प्रधानपाठक शरदकुमार साव ने बताया कि पानी भरने से महत्वपूर्ण दस्तावेज नष्ट हो गए है।

## शिशु मंदिर में खेल स्पर्धा 12 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में विभाग स्तरीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन होना है। प्राचार्य प्रकाश यादव ने बताया यह प्रतियोगिता 12, 13 और 14 सितंबर को होगी।

स्पर्धा में राजनांदगांव, खैरागढ़, कवर्धा, मोहला, मानपुर, बालोद, बेमेतरा के 300 प्रतिभागी भाग लेंगे। आगामी 13 और 14 सितंबर को प्रांत स्तरीय योग और शतरंज प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें 150 प्रतिभागी शामिल होंगे। विजेता प्रतिभागियों को अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। स्पर्धा के आयोजन के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस, ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

KS GROUP PUNJAB | INDIA

KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### रिटायर शिक्षक को विदाई आज

**गंडई पंडरिया।** माध्यमिक शाला पेंडरवानी में पदस्थ शिक्षक



जगदीश प्रसाद शर्मा एवं संकुल समन्वयक रामबिलास साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन 13 सितंबर को दोपहर 12 बजे किया गया है। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय होंगे। बता दें कि शिक्षक श्री शर्मा ने इस स्कूल में लगभग 30 साल तक अपनी सेवा दिया है।

### बिजली कटौती और लो वोल्टेज पर आपत्ति

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती पर गहरी आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती से लोगों का जन जीवन और व्यापार आदि प्रभावित हो रहे हैं। लोगों की असुविधा की अनुदेखी करते हुए बिना किसी सूचना के बिजली बंद कर दिया जाता है। मेंटेनेंस के बाद भी पर्याप्त बिजली की सप्लाई नहीं होने से नागरिक और व्यापारी नाराज हैं। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री लोधी ने चौथाना क्षेत्र में नया बिजली सब स्टेशन बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि बार-बार होने वाली कटौती एवं लो वोल्टेज को देखते हुए अतिरिक्त सब स्टेशन की आवश्यकता है। चौथाना में नया सब स्टेशन बनने से बिजली वितरण में सुधार होगा और लोगों को सुचारू बिजली मिल सकेगी।

### कांफ्लुएंस कॉलेज में मनाया गया जन्माष्टमी



**राजनांदगांव।** कांफ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, बेस्ट प्रैक्टिस सेल और इक एक सेल के संयुक्त तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को उनके सांस्कृतिक जीवन जीने का प्रयास करें, ताकि हमारे समाज में एकता शांति और भाईचारा का वास हो का संदेश दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय मानिकपुरी ने कहा कि यह त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत और सत्य और करुणा पर आधारित जीवन जीने के महत्व को याद दिलाता है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि इस पवित्र दिन को मानते हुए हम भगवान श्रीकृष्ण के शिक्षा पर विचार करें और उनके अनुसार जीवन जीने का प्रयास करें। जिसमें हमारे समाज में एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले। प्रीति इंदौरकर ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर दही हंडी लूट का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा कृष्ण और राधा तथा गोपियों की वेशभूषा में रंगारंग आयोजन किया।

## निधन

### खिलवान सिन्हा

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका परिषद के



वाहन चालक खिलावन सिन्हा का निधन 12 सितंबर को अपरान्ह लगभग 3 बजे हो गया है। पालिका परिषद ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### नितिन शाबला

**राजनांदगांव।** निषाद समाज



मोहला-मानपुर-अं. चौकी के जिला संगठन उपाध्यक्ष शैलेन्द्री शाबला-संकेत कुमार शाबला के सुपुत्र नितिन शाबला 10 वर्ष का 11 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मोहला के निज निवास में किया गया।

### रिंग बनाकर निर्धारित दर से ज्यादा में निविदा भरवाने का प्रयास विफल

# हाईकोर्ट ने फेरा भाजपा पार्षद पतियों के इरादों पर पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका परिषद में पन्द्रहवें वित्त आयोग से स्वीकृत 2 करोड़ 39 लाख का ठेका हथियाने और अपने लोगों को काम दिलाने रिंग बनाकर निर्धारित दर से ज्यादा में निविदा भरवाने का प्रयास करने वाले कतिपय भाजपा पार्षद पतियों के किये धरे पर हाईकोर्ट के एक फैसले ने पानी फेर दिया।

बीते 13 अगस्त को निविदा फार्म नहीं दिये जाने से निराश दो ठेकेदारों ने पहले प्रशासन को आवेदन देकर न्याय मांगा हफ्तों बाद भी कोई कारवाई नहीं होने पर न्याय की आस में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया जिसके बाद कोर्ट ने नपा प्रशासन को कड़ी फटकार लगाते हुये एक सप्ताह के भीतर नये सिरे से फार्म देकर निविदा की सारी प्रक्रियाओं को पूरा करने कहा। जिसके पालन में नपा ने दोनों ठेकेदारों के फर्म को 4 सितंबर तक निविदा फार्म लेने, 12 सितंबर तक पंजीकृत डाक से नपा को भिजवाने और उसी दिन निविदा फार्म ओपन करने का पत्र जारी किया था।

### निविदा फार्म नहीं मिलने से नाराज ठेकेदारों ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा




#### नपा को चूना लगाने की थी पूरी तैयारी

पन्द्रहवें वित्त आयोग से 2 करोड़ 39 लाख रुपयों से स्वीकृत 57 कामों को लेकर भाजपा पार्षद पतियों ने ठेकेदारों से जबर्दस्त सेटिंग की थी। निविदा फार्म खोलने के दौरान क्लियर हुआ कि पार्षद पतियों ने करीबी ठेकेदारों को स्वीकृत दर से 9-10 और 11 प्रतिशत ज्यादा में निविदा जमा कराया इसके लिये बकायदा रिंग बनाकर काम बांटा और यह तय किया कि कौन सा काम कौन करेगा और उसके सपोटर के रूप में कौन फार्म जमा करेगा। दोनों ठेकेदारों की मौजूदगी में जब टेंडर फार्म खोलकर पखवाड़े भर पहले जमा निविदाओ से मिलान किया गया तो पता चला कि सारे के सारे कामों में निज स्वार्थ साधने 9, 10 और 11 प्रतिशत तक एबोव रेट डाला गया था। इस पूरे प्रकरण से पता चलता है कि अपना स्वार्थ साधने भाजपा के कतिपय पार्षद पतियों ने यह नहीं सोचा कि प्रदेश में उनकी पार्टी की विष्णुदेव साय सरकार सुशासन के दावे साथ सत्ता सरकार में काबिज हुई है और इस मामले में पैसा कमाने वो अपनी ही सरकार की फजीहत करवाने में तुले हुए है।

#### पहले से कर लिया था तय काम देना

नपा से जारी 57 काम किस किसको देना है यह पार्षद पतियों ने पहले ही तय कर लिया था। हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले हक इंटरप्राइजेस के अनिमेष सिंह पर कांग्रेसी होने का तमगा लगाकर पूरी प्रक्रिया से अलग कर दिया जबकि दूसरे याचिकाकर्ता अथर्व एसोशिएट के सीबी तिवारी को 12 अगस्त को पार्षद पति ने फोन लगाकर आश्वस्त करते हुए कहा कि रिंग में तय हो गया है कौन क्या काम करेगा। 23 लाख का काम उन्हें करना है इस हिसाब से टेंडर फार्म सुबह ले लेना लेकिन टेंडर फार्म वितरण की तिथि 13 अगस्त को सुर यह जवाब के साथ बदल गया कि कांग्रेसी अनिमेष सिंह के साथ उन्हें भी काम नहीं देने का निर्देश भाजपा प्रदेश कार्यालय से मिला है जिसके बाद पूरे दिन ठेकेदार नपा ऑफिस में अधिकारियों का चक्कर काटते रहे लेकिन फार्म नहीं मिला। प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी राहत नहीं मिलने से परेशान दोनों ठेकेदारों ने हाईकोर्ट का रुख किया जहा नपा को कड़ी फटकार के साथ नये सिरे से प्रक्रिया चालू करने कहा गया। हाईकोर्ट की फटकार बाद नपा अधिकारी भी पूरे मामले में नियमों का पालन करते दिखे।

# सीमेंट के दाम वृद्धि का विरोध

### कांग्रेस ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे एवं विधायक यशोदा निलांबर वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धरना के बाद रैली निकालकर कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सीमें के दाम में 50 रूपए प्रति बोरी की वृध्दि पर आपत्ति जताया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के संरक्षण में रेत माफिया का राज चल रहा है। खनिज संसाधनों का खुलेआम दोहन किया जा रहा है और राज्य सरकार तमाशबीन बन हुई है। धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

#### सीमेंट के दाम पूर्ववत करने की मांग

इस मौके पर आयोजित सभा में विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में राज्य की जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने सीमेंट के रेट को यथावत रखने तथा रेत माफिया पर अंकुश लगाने की मांग की। धरना में कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजेंन्द्र ठाकरे, मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, देवराज किशोर दास, कोमल साहू, आकाशदीप सिंह, सज्जाक खान, कमलेश यादव, दिलीप महोबिया, प्रकाश महोबिया, आशू खान, गणेश वैष्णव, तोपसिंह, मुरारी धुर्वे, अशोक महिलांगे, केशव मिश्रा, शत्रुहन नेताम, नरेश चंदेल, भीम महोबिया, इशू दुबे आदि शामिल हुए।

## महापौर ने किया सतनाम भवन का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 33 लखोली बैगापारा में महापौर निधि अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से सतनाम भवन का निर्माण किया गया है। जिसका महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद दुलारीबाई साहू, अमीन हुद्दा उपस्थित थे।

महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि वार्ड पार्षद एवं सामाजिक बंधुओं की मांग पर सतनाम भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से समाज के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त उचित स्थान मिल गया। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज बड़ा समाज है, इस समाज में बाबा गुरूघासीदास जैसे संत हुए। वहीं ममतामयी मिनीमाता जैसी महिला हुई, जो प्रदेश की पहली महिला सांसद थी। समाज के लोग इनके आदर्श पर चलकर समाजहित में कार्य करें। पार्षद दुलारी साहू ने कहा कि समाज वालों की मांग पर महापौर ने अपनी महापौर निधि से 5 लाख रुपए देकर भवन का निर्माण कराया। जिसके लिए उनका



समाज एवं वार्डवासियों की तरफ से आभार व्यक्त करती हूं। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु एवं प्रभारी सदस्य अमीन हुद्दा ने भी भवन के लिए समाज वालों को बधाई दी। कार्यक्रम के पूर्व में समाज के पं.नारायण दास राही, प्रकाश मारकंडे, धरम बघेल, डोमरूदास राही, गौकरण राही, लालचंद कुर्रे, पूनमचंद भारती, विष्णु महिलांग, सुनील डाहरे, परमेश्वर खुटारे, नरेश गेंड्रे, देवा चंदेल, भरत खिलाड़ी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता गरिमा वर्मा सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एटीएम कार्ड बदलकर ग्रामीणों से धोखाधड़ी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत 8 मार्च को अज्ञात आरोपी द्वारा स्टेट बैंक के एटीएम छुईखदान में सतीश साहू श्यामपुर छुईखदान से धोखाधड़ी कर एटीएम कार्ड बदलकर एटीएम से 17000 रुपए तथा पंजाब नेशनल बैंक एटीएम गंडई से प्रार्थी प्रहलाद पटेल निवासी कटंगी गंडई से एटीएम बदलकर धोखाधड़ी कर 16000 रुपए निकाल लिए, जिस पर थाना छुईखदान एवं थाना गंडई में धारा 420, 34 भादवि का



अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ठगी के इस मामले में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक शिवशंकर गेंदले, थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक भीमसेन यादव के नेतृत्व में लगातार विवेचना एवं प्रयास कर आरोपियों की पता तलाश की गई।

#### आरोपियों पर कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी जगप्रीत सिंह गुजराल पिता धरमपाल सिंह गुजराल 42 वर्ष साकिन फलैट ई-501 अपर्णा अपार्टमेंट मौजा सोनारी थाना सिंकदरा जिला आगरा (उत्तरप्रदेश), राजा वर्मा पिता दिनेशचंद्र वर्मा 39 वर्ष साकिन हाउस नंबर 1113 द्वारका नगर वार्ड जबलपुर (मप्र), शंकरसिंह चौहान पिता बिरेन्द्र सिंह चौहान 37 वर्ष साकिन डिफेंस कॉलोनी वार्ड नं. 32 धौलपुर जिला धौलपुर (राजस्थान) को 12 सितंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार पर जेल भेजा गया।

## प्राध्यापकों की कमी, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन



**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे महाविद्यालय में प्राध्यापकों की कमी को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कमी दूर करने की मांग किया है। अभाविप के नगर मंत्री आकाश जायसवाल ने बताया कि महाविद्यालय में लेखांकन और गणित पढ़ाने के लिए प्राध्यापक नहीं है। विषय प्राध्यापको की कमी के चलते विद्यार्थियों को पढ़ाई को लेकर चिंता होने लगी है। प्राध्यापक की कमी से नियमित पढ़ाई नहीं हो रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर प्राध्यापकों की कमी को एक हफ्ते में पूरा करने की मांग की है। उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्राचार्य एनएस वर्मा ने बताया कि गणित विषय के प्राध्यापक की ज्वाईनिंग हो गई है। जल्द ही कामर्स विषय के प्राध्यापक का प्रबंध हो जाएगा।

## शोक संतप्त परिवारों से मिलने पहुंचे विस अध्यक्ष रमन

- पूर्व सीएम एवं विधायक सिंह दो दिवसीय प्रवास पर रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने दो दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे थे। कल उन्होंने मोहरा स्थित सिंगदई, हल्दी और धामनसरा बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर लोगों की तकलीफों को समझा और संबंधित अधिकारियों को त्वरित सहायता का निर्देश भी दिया।

मीडिया सेल के अनुसार गुरुवार को डॉ. रमन सिंह जगदीश प्रसाद अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर रामाधीन मार्ग स्थित उनके घर पहुंचे, जहां उनके परिजनों संजू अग्रवाल एवं विष्णु अग्रवाल को सांत्वना प्रकट की। तत्पश्चात डॉ. सिंह दयाराम सोनी के



निधन पर भरकापारा स्थित उनके निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने संतोष, संजय एवं महेश सोनी को शोक सांत्वना प्रकट की। डॉ. रमन सिंह भाजपा कार्यकर्ता तरूण साहू के पिता स्व. लक्ष्मण साहू के स्टेशनपारा स्थित घर पहुंचे और अंत में नया ढाबा स्थित पूर्व बूथ अध्यक्ष अशोक साहू के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर दुख की घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त की।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, राजा माखीजा, श्यामा सुखदेव, तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, योगेश बागड़ी, भावेश बैद सहित भाजपा नेता उपस्थित थे।

#### हालचाल पूछने क्लिनिक पहुंचे रमन

डॉ. सिंह स्टेशनपारा स्थित शहर के वरिष्ठ चिकित्सक अलीम सिद्दीकी के क्लीनिक को देखकर वह सीधे उनके क्लीनिक पहुंचे। उन्होंने अलीम सिद्दीकी का हालचाल पूछा। अचानक डॉ. सिंह को देखकर डॉ. सिद्दीकी भी चौंक गए, फिर प्रसन्नचित होकर उन्होंने डॉ. सिंह से भेंट की तथा दोनों ने एक दूसरे का हालचाल पूछा और आत्मीयता के साथ पुराने दिनों की यादें ताजा की।

## छुरिया में मनाया शिक्षक दिवस



**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा छुरिया के अम्बेडकर भवन में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. केएल टांडेकर, केपी सिंग, बीटी वालदेव, डीडी पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, विजय निषाद, श्री कुंजाम, देशमुख, सोनघाटी, केआर साहू, एसपी टेमरे और मानसिंह ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल थे। प्रारंभ में मंच संचालन मानसिंह ठाकुर ने किया। उक्त जानकारी बीटी वालदेव ने दी।

### ग्राम ठंडार में सोलर पैनल लगाने का मामला

# स्टे की अनदेखी कर निर्माण कार्य शिकायत कर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत ठंडार में सोलर पैनल लगाने का कार्य एसआरवी सोलर ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपने स्वामित्व वाली लगभग 57 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है। पूर्व में राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी द्वारा की गई जांच में ग्रीन लैंड को किसी निर्माण के लिए व्यपर्तन नहीं कराया जाना पाया था। अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे ने कार्य पर रोक लगाने 31 मई को आदेश जारी किया था। स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण निरंतर जारी रहा।

शिकायतकर्ता कोमल खुशरो ने बताया कि स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी है जो गलत है। लगभग 50 प्रतिशत कार्य होने के बाद व्यपर्तन कराया जा रहा था।



#### ग्रामीणों ने की शिकायत

सोलर पैनल कंपनी द्वारा स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण जारी रखने पर कोमल खुशरो ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र राजनादगांव, सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश राजनादगांव में शिकायत किया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश की पालन न कर निर्माण जारी रखा गया है। लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर निर्माण किया जा रहा है।

## निजी विद्यालयों के शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

छत्तीसगढ़ निजी विद्यालय संघ ने गुरूवार को वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि विधायक यशोदा निलाम्बर वर्मा थी। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। स्वागत की कड़ी में छात्रों ने गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन में जिले में संचालित निजी विद्यालयों के पांच सौ से अधिक शिक्षक शामिल हुए।

उक्त मौके पर विधायक वर्मा ने कहा कि शिक्षक छात्रों के सपना को पुरा करने और उन्हे मंजिल तक पहुंचाने वाला होता है। शिक्षक निजी या सरकारी नहीं होता। शिक्षक केवल शिक्षक होता है।

माता पिता और शिक्षक वह व्यक्ति होते हैं जिनके आदर्श को आत्मसात कर छात्र हर जगह




परचम लहरा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी लाल जी द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को बदलते समाज के स्वरूप को ध्यान में रखकर आत्म अवलोकन करना चाहिए। उन्होंने विपरीत परिस्थिति में भी अपने दायित्व को बखुबी निभाने का आव्हान किया। मोतीलाल जंघेल ने शिक्षक को संस्कार और चरित्र निर्माण करने वाला बताया। मिहिर झा ने कहा शिक्षक स्वयं जलकर उजाला फैलाता है।

अतिथियों ने निजी विद्यालय के संचालकों को मोमेन्टो तथा शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में निजी विद्यालय संघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल, नीलाम्बर वर्मा, कविता जंघेल, मोतीलाल जंघेल, बीईओ रमेन्द्र डड़सेना, मिहिर झा, राजेश देवांगन, कृष्ण कुमार सोनी, अरूण भारतद्वाज, कन्हैया पटेल आदि शामिल हुए।

## सार समाचार

### बच्चों के लिए पोषण आहार कीट प्रदाय

**मोहला।** आकांक्षी विकासखंड अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरीकला के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह के मौके पर जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर न्यूट्रिशन के साझा प्रयास से आंगनबाड़ी में उपस्थित 15 बच्चों को सरपंच हेमकुमार मंडावी, सेक्टर सुपरवाइजर भारती कश्यप एवं ग्राम पंचायत के स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष की उपस्थिति में बच्चों को पोषण आहार वितरण किया गया। साथ ही स्व सहायता समूह के अध्यक्षों द्वारा जिले में चल रहे पोटठ् लइका पहल कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों को आगामी समय में कुपोषण को समाप्त करने हेतु पौष्टिक आहार वितरण करने पर सहमति जताई गई। ग्राम की वार्ड पंच, सरपंच, स्व-सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति में सामाजिक मानचित्रण भी तैयार कराया गया। जिससे गांव में कुपोषण रोकथाम हेतु बुनियादी सर्वेक्षण शुरू किया जा सके।

### स्टार लगाकर उप निरीक्षक पदोन्नति

**राजनांदगांव।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (अ) को स्टार लगाकर उप निरीक्षक (अ) के पद पर पदोन्नत किया गया। विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत 11 सितंबर को कार्यालय पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (अ) राजकुमार देशमुख को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई।

इस अवसर पर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंड़ई पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

### 15 को तीज मिलन कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव समाज महिला मंडल द्वारा आगामी 15 सितंबर को सेठी नगर लखोली सामुदायिक भवन में दोपहर 1 बजे तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं का सम्मान एवं विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव की महिला अध्यक्ष मधु यादव ने दी।

### परीक्षा में शामिल होने 15 अक्टूबर तक पंजीयन

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा प्रदेश के विद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए गीता जयंती पर 11 दिसंबर 2024 को गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने विद्यार्थी 15 अक्टूबर तक अपने विद्यालय एवं महाविद्यालय के गौविज्ञान परीक्षा प्रभारी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

गौ विज्ञान परीक्षा के राजनांदगांव जिला प्रभारी हार्दिक कोटक ने बताया कि प्रथम स्तर पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन गीता जयंती पर 11 दिसंबर 2024 को प्रदेशभर के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित होगा। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के चयनित प्रतिभागियों की द्वितीय चरण की परीक्षा 18 दिसम्बर 2024 से 5 जनवरी 2024 के मध्य जिला केन्द्र में होगी। जिसकी सूचना चयनित प्रतिभागियों को पृथक से दी जाएगी।

### वार्षिक साधारण सभा 16 को

**राजनांदगांव।** अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव सचिन सिंह बघेल की अध्यक्षता में 16 सितम्बर दोपहर 12 बजे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया है। बैठक में संबंधितों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### युवोदय कार्यक्रम की पहल

**राजनांदगांव।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ द्वारा युवोदय कार्यक्रम की सामुदायिक पहल की जा रही है। इसका मूल प्रयोजन सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है। इस कार्यक्रम से समाज के प्रभावशाली लोगों, उत्प्रेरकों और अन्य व्यक्तियों के लिए मंच तैयार करना है। जनभागीदारी को मूल मंत्र मानकर युवोदय कार्यक्रम के माध्यम से पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल सुरक्षा, पर्यावरण जैसे विषयों से संबंधित उचित व्यवहारों के बारे में लोगों को जागरूक करना एवं समुदाय में व्यवहार परिवर्तन करने हेतु प्रेरित करना है। इस पहल द्वारा जिले के युवाओं और समुदाय के लोगों से आगे बढ़ने और स्वयंसेवा की भावना से कार्यक्रम का समर्थन करने का आह्वान किया गया है। युवोदय पूर्णतः जातिगत भेदभाव एवं राजनीति मुक्त व धर्मनिरपेक्ष विचारों का मंच है। स्वयंसेवा के लिए किसी भी प्रकार का मानदेय नहीं दिया जाएगा। स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### स्टेशनरी का बिल मांगने गए वृद्ध से दुर्व्यवहार का आरोप

**राजनांदगांव।** शहर के जैन बुक डिपो संचालक द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन सौंपकर कृषि विभाग के अधिकारी के माध्यम से दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है। अपने शिकायत पत्र में पीड़ित वृद्ध ने कहा है कि कृषि विभाग में उनके फार्म से स्टेशनरी दी गई थी। जिसका वर्षों से भुगतान बकाया है। आज दोपहर पीड़ित और उनके पुत्र द्वारा राशि मांगने कलेक्टोरेट कार्यालय स्थित कृषि विभाग के दफ्तर पहुंचने पर संबंधित अधिकारी द्वारा बिल भुगतान के मामले को लेकर दुर्व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

ज्यादा मुनाफा देने का देते थे लालच

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी, अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

वॉटसअप एप्प ग्रुप के माध्यम से संपर्क कर शेयर ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर धोखाधड़ी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ठग को केरल से गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी राहुल जैन द्वारा 17 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 अलग-अलग मोबाइल नंबरों के धारक द्वारा 8 विभिन्न बैंकों के खाते में वेबसाइट लिंक एवं आमंत्रण कोड भेजकर शेयर मार्केट ट्रेडिंग एवं आईपीओ में अधिक मुनाफे का झूठा वादा कर कुल 3,40,95,000 (तीन करोड़ चालीस लाख पंचानबे हजार रुपए) की ठगी की गई है। रिपोर्ट पर धारा 318(4), 3(5) बीएनएस एवं 66-डी आईटी एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

#### फ्राड की राशि को कराया होल्ड

मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन एवं प्रभारी सायबर सेल विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना बसंतपुर एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम कार्रवाई के लिए गठित की गई, जिस पर थाना बसंतपुर एवं साईबर सेल द्वारा सिटीजन फाइनेंशियल साईबर फ्रॉड रिपोटिंग पोर्टल के माध्यम से 3,41,95,000 रुपए फ्रॉड एमाउंट को होल्ड करवाया गया। जिसमें 57,32,277 रुपए होल्ड हुआ है। जिसकी वापसी प्रक्रिया जारी है।



#### अन्य आरोपी की तलाश

इस प्रकार थाना बसंतपुर एवं साईबर सेल को एक अंतर्राष्ट्रीय आरोपी, जो सिंगापुर से अपने घर केरल आया था, को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। साईबर सेल की 1 टीम अभी भी केरल में है, जो साईबर फ्रॉड के अन्य 1 आरोपी जो दुबई से केरल पहुंचा है, की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

#### दुबई में 60 लाख रुपए विड्राल

थाना बसंतपुर एवं साईबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों के बैंक डिटेल निकाला गया। जिसमें आरोपियों द्वारा फ्रॉड रुपयों को करीब 8 विभिन्न बैंक खातों में प्राप्त कर उन खातों से पुनः दर्जनों बैंक खातों में आरटीजीएस, एनईएफटी के माध्यम से अपने साथियों के बैंक खाता केरल, उत्तरप्रदेश, असम आदि राज्यों में ट्रांसफर कर ठगी से प्राप्त पैसों को एटीएम व चेक के माध्यम से केरल राज्य के कई जिलों मे निकालते थे। इसके अलावा आरोपियों द्वारा पीड़ित से प्राप्त करीब 60 लाख रुपए को डेबिट कार्ड के माध्यम से दुबई में रकम विड्राल किए हैं।

#### आरोपी को केरल से लाया गया

उक्त प्रकरण में मोबाइल नंबर एवं अन्य दस्तावेज खंगाले गए, जिस आधार पर आरोपी की पता तलाश हेतु पार्टी केरल रवाना किया गया। साक्ष्य के आधार पर उक्त टीम द्वारा जांच के दौरान आवेदक के बैंक खाते के स्टेटमेंट और आरोपी द्वारा उपयोग किए गए बैंक खाते की जांच करने पर पता चला कि सबसे पहले आवेदक के बैंक खाते से मुख्य आरोपी के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 730000 रुपए ट्रांसफर किया गया, जिसे सहयोगी आरोपी सहल शाह के बैंक खाता एवं उसके दोस्तों के बैंक खातों में रुपए ट्रांसफर कर दिया गया, जिसे आरोपी सहल शाह ने एटीएम से नगद के रूप में निकाला है। मेमोरेंडम स्टेटमेंट 10 सितंबर के आधार पर आरोपी सहल शाह के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फेडरल बैंक का एटीएम कार्ड, फेडरल बैंक का पासबुक, 1 नग मोबाइल फोन को विधिवत जब्त कर आरोपी सहल शाह को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेरिथल मनना केरल में पेश कर ट्रांजिट रिमांड लेकर 12 सितंबर को राजनांदगांव लाया गया है।

## सावन मतावय एलबम रिलीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

मुंबई के सुप्रसिद्ध संगीतकार अर्नब चटर्जी के संगीत निर्देशन और सुप्रसिद्ध गीतकार चम्पेश्वर गोस्वामी की कलम के जादू से सजा हुआ सावन मतावय गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर ट्रियो डिजिटल स्टूडियो से रिकॉर्ड कर एएसएन सिनेमैजिक यूनिवर्स कंपनी मुंबई में रिलीज किया गया है। इस गीत ने संगीत प्रेमियों के दिलों में अपनी खास जगह बना लिया है।

गौरतलब है कि सावन मतावय को जहां अर्नब चटर्जी के बेहतरीन संगीत ने चार चांद लगाए हैं। वहीं चम्पेश्वर गोस्वामी की काव्यात्मक लेखनी ने इसे और भी प्रभावशाली बना दिया है। इस गीत की धुन बेहद मधुर और उत्साहवर्धक है, जो श्रोताओं को मिट्टी की सौंधी खुशबू और हरियाली से भरी प्रकृति का चित्रण कराती है।गायक, संगीतकार अर्नब चटर्जी और गायिका पामेला जैन ने अपनी आवाज से इसे सजाया है। सह गायिका अयना बोस चटर्जी व शेफाली नायडू ने अपनी आवाज से इस गीत को और प्रभावशाली बनाया। की-बोर्ड पर शिवम बागची, रिदम प्रोग्रामिंग और वादन में हर्ष नासेरी, गिटार पर यश नायडू ने संगीत में जान डाली है। ऑडियो निर्माता अयना बोस चटर्जी और नैना नासेरी व वीडियो निर्माता-निर्देशक आशीष नायडू के योगदान ने इसे संपूर्ण रूप दिया है।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**खैरागढ़।** घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया उम्र 30 वर्ष ने 9 सितंबर को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 सितंबर को रात्रि करीब 11 बजे पीड़िता अपने बच्चों व बूढ़ा ससुर के साथ घर में थी। इस दौरान रामजी बेरवंशी घर के दरवाजा का सांकल खोलकर अंदर घुसकर बदनाम करने की नियत से छेड़खानी किया है। रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में धारा 74, 333 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने इस मामले में विवेचना कार्रवाई करते आरोपी रामजी बेरवंशी 35 वर्ष थाना खैरागढ़ जिला केसीजी को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी रामजी बेरवंशी के विरूद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने से 12 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

# सीमेंट के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश में सीमेंट के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ किया गया। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने प्रदेश सरकार पर महंगाई बढ़ने का आरोप लगाया है।




प्रदेश में सीमेंट के बढ़ते दामों को लेकर आयोजित किए गए कांग्रेस के जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल होकर कांग्रेस वक्ताओं ने प्रदेश की विष्णुदव साय सरकार को सीमेंट के दाम बढ़ाने के मामले में जमकर घेरा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते कांग्रेसजनों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सीमेंट के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। जिससे आम लोगों का घर बनाना मुश्किल हो गया है। रेत, सरिया और अब सीमेंट के दाम बढ़ाने की वजह से मकान निर्माण की लागत राशि में इसका असर होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक निश्चित राशि दी जाती है। ऐसे में सीमेंट के बढ़े दामों के चलते घर बनाना मुश्किल हो जाएगा।

#### विधायक सहित कांग्रेसजन शामिल

शहर के ईमाम चौक के समीप फ्लाई ओवर के नीचे आयोजित कांग्रेस कमेटी के जिला स्तरीय इस धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक भोलाराम साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक छन्नी साहू, भुवनेश्वर बघेल, महापौर हेमा देशमुख, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, कमलजीत सिंह पिंटू, मेहुल मारू, कुतबुद्दीन सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, पार्षद दुलारीबाई साहू सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### प्रदेश सरकार को घेरा

धरना प्रदर्शन के दौरान डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि आठ माह से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। जिसमें सिर्फ महंगाई बढ़ने का कार्य किया जा रहा है। वहीं महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में बेतहाशा महंगाई बढ़ा रही है। 260 के सीमेंट को 310 रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में खनिज संसाधन और सीमेंट के उद्योग सबसे ज्यादा हैं, फिर भी सीमेंट के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। प्रदेश की सरकार चुनावी खर्च निकालने की कोशिश कर रही है और जनता को लूटा जा रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार रोजगार के अवसर में वृद्धि नहीं कर रही है, लेकिन सीमेंट के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है। वहीं शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 50 रुपए सीमेंट के दामों में बढ़ोतरी कर दी गई है। प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है, चार बार सीमेंट का रेट बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह सब केंद्र सरकार के इशारे पर किया जा रहा है।

## गौरवपथ सहित सभी सड़कों का होगा कायाकल्प, 10 करोड़ की स्वीकृति

- विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर पर उपमुख्यमंत्री साव ने दी स्वीकृति

**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के विशेष प्रयासों से उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने शहर को अधोसंरचना मद से शहर को 10 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। इस संदर्भ में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र में 41 स्वीकृत कार्यों की सूची जारी की गई है।



नगर पालिक निगम राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि 5 वर्षों तक विकास के लिए जूझते शहर की तस्वीर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में 7 महीने में ही तेजी से बदलने लगी है। 10 करोड़ की इस स्वीकृति से पूर्व 13 करोड़ 81 लाख रुपए की स्वीकृति शहर को विकास कार्यों हेतु मिली थी। लगातार शहरवासियों की आवश्यकता और जिला मुख्यालय की अधोसंरचना को मजबूत किए जाने को लेकर स्थानीय विधायक व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पूरी संवेदनशीलता दिखाई है।

उन्होंने आवश्यक कार्यों की अनुशंसा कर इसकी स्वीकृति के लिए उप मुख्यमंत्री से बात की थी। डॉ. रमन सिंह के प्रस्ताव पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने तत्काल ही कार्यों की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया था, जिसे उन्होंने पूरा कर दिया है।

### छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा 15 को

**राजनांदगांव।** छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 सितम्बर को अपरान्ह 12 से 2.15 बजे तक जिला राजनांदगांव के कुल 108 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। व्यापम द्वारा प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी को अपने साथ फोटोयुक्त प्रवेश पत्र एवं मूल पहचान पत्र साथ लेकर आना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्र का 2 दिन पूर्व अवलोकन कर लें। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचने में होने वाली परेशानियों के निराकरण एवं मार्गदर्शन के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। हेल्प डेस्क 12 से 15 सितंबर सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक संचालित होगा।

परीक्षार्थी हेल्प डेस्क में संपर्क कर नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तर पर भगत सिंह ठाकुर, श्रीकांत पनबुडे एवं सुरेश साहू के से संपर्क किया जा सकता है। छुरिया विखं स्तर पर विखं स्त्रोत समन्वयक छुरिया पीडी साहू, डोंगरगांव विखं स्तर पर विखं स्त्रोत समन्वयक डोंगरगांव अरविंद रत्नाकर एवं विखं स्त्रोत समन्वयक डोंगरगढ़ इनायत अली से संपर्क किया जा सकता है।




# बाढ़ पीड़ितों के खाने-रहने का किया इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

लगभग तीस सालों बाद शिवनाथ नदी ने अपना रौद्र रूप दिखाकर अं. चौकी में कहर बरसा दिया था। वहीं जिले में लगातार वर्षा से कई घर ढह गए और कई लोगों ने अपने घरों से निकलकर जगह तलाशने में लगे थे। बाढ़ की वजह से मंगलवार को दिनभर अपने घरों को निहारते रहे कि शायद पानी कम हो जाए, लेकिन शिवनाथ का रौद्र रूप अं. चौकी ब्लॉक में पानी भरने से सभी परेशानियों से जूझ रहे थे।

मोंगरा बैराज भी उफान पर होने के कारण एक लाख पंद्रह हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसकी वजह से आसपास के इलाकों में पानी भर गया। अं. चौकी में दिन में पानी का जलभराव रहा, निचली बस्ती के नगरवासी दिनभर भूखे रहे और शाम तक पानी कम न हो सका। रात में जगह तलाशते रहे और अं. चौकी के वार्ड नंबर 12, 13 और 14 के नगरवासियों के लिए मुस्लिम जमात ने खाने और रहने का इंतजाम किया। लगभग तीन सौ लोगों ने बाजार चौक के मदरसा में खाना खाया और रात में मदरसा में आराम किया। मुस्लिम जमात ने नगर पंचायत को सूचना देकर कहा था कि इस आपदा में ठहरने की व्यवस्था अगर नही बनती तो मदरसा में जीतने भी बाजार क्षेत्र के लोगों को ठहराया जाए और खाने-पीने, ठहरने और शौचालय से लेकर सभी इंतजाम मुस्लिम समुदाय करेगी। इस बेहतर कार्य के लिए ग्रामवासियों ने सराहना भी की। आपदा से पीड़ति लोग इस मदरसे में आकर खाना और आराम भी किया और आशीर्वाद भी दिया।



#### समाज प्रमुखों और यंग कमेटी का रहा योगदान

समाज अध्यक्ष रफीक खान, उपाध्यक्ष अनीश कुरैशी, रज्जाक मिर्ज़ा, हाजी सलीम तिगाला, शरीफ तिगाला, इसराइल निर्बान, सलामुद्दीन, इब्राहिम बख्श, हाफिज शाक़रि, मौलाना हबीब रजा, सुब्रात खान, सोफू जिलानी और यंग कमेटी अध्यक्ष रईस खान, उपाध्यक्ष शाहिर कुरैशी, इलियास खान, आशिफ जिलानी, नौमान, नद्दीम, कैसफ़, शीलू, तौफीक कायनात, नफीस, समीर, सोहेल, साहिल, अतीक, वसीम गफार अमन, जावेद, सैफ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

#### हाल जानने सभी समाज के लोग पहुंचे मदरसा

मंगलवार को जब बाढ़ की स्थिति थी, तब बाजार चौक स्थित मदरसा में रात के समय खाने और ठहरने की व्यवस्था की गई, तब बाढ़ पीड़ितों और समाज के लोगों से मिलने सभी नगरवासी मदरसा पहुंचे। जिनमें जिलाध्यक्ष अनिल मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या ताम्रकार, नगर पंचायत सीएमओ गिरीश कुमार चंद्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष बंसोड़, पार्षद अशोक वर्मा, शंकर निषाद, मंजीत अरोरा, प्रमोद ठलाल और अन्य लोग शामिल थे।

#### जरूरत में हमेशा आगे आएगा समाज - अध्यक्ष

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रफीक खान ने कहा कि ऐसे आपदा और परेशानियों से अं. चौकी क्षेत्रवासी कभी भी परेशानियों में नहीं रहेंगे। समाज हमेशा मुसीबतों में आगे आकर काम करता रहा है और करता रहेगा। जिस प्रकार कोरोनकाल में लोगों के घरों में राशन नहीं था, समाज उस वक्त भी आगे आकर लोगों के घरों तक राशन पहुंचाया था और दूसरे राज्य से आने वाले राहगीरों को उनके घरों तक सकुशल पहुंचाया गया था। मुस्लिम समाज अध्यक्ष रफीक खान ने कहा कि नगरवासियों को जब भी मुसीबत आएगी, मुस्लिम समाज उनकी मदद के लिए खड़ा रहेगा। अगर किसी भी भाई-बहनों को परेशानी है तो समाज उनके लिए हर पल बेहतर कार्य करेगा।

### 14 को गणेश पंडाल में रक्तदान शिविर

- 108 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य

**राजनांदगांव।** बाल रत्न मंच गणेश उत्सव में सेवाभावी संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति संस्था के पूर्व संरक्षक स्व. सत्यनारायण अग्रवाल की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 14 सितंबर को सुबह 11 से 5 बजे तक गणेश उत्सव पंडाल रामाधीन मार्ग में आयोजित किया जा रहा है।

बाल रत्न मंच सेवा समिति के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष करण अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर के संयोजक संदेश जैन के मार्गदर्शन में गणेश उत्सव के 31वें वर्ष के आयोजन बाल रत्न मंच गणेश उत्सव पंडाल में पहली बार संस्था के पूर्व संरक्षक स्व. सत्यनारायण अग्रवाल की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर 14 सितंबर को सुबह 11 से संध्या 5 बजे तक गणेश उत्सव पंडाल रामाधीन मार्ग राजनांदगांव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 108 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। आयोजन में मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफना, विशिष्ट अतिथि संतोष अग्रवाल होंगे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के प्रचार-प्रमुख आयुष शर्मा व हर्ष अग्रवाल ने दी।



## शहर व क्षेत्र में विराजे विघ्नहर्ता श्री गणेश



हरिभूमि स/लोहारा। रजवाड़ा गणेशोत्सव समिति सहसपुर लोहारा।


हरिभूमि कोलेगांव। जय बुढ़ा महादेव गणेशोत्सव समिति कोलेगांव।


हरिभूमि स/लोहारा। प्राचीन शिव मंदिर परिषर सहसपुर लोहारा।


हरिभूमि कोलेगांव। बजरंग गणेशोत्सव समिति कोलेगांव।


हरिभूमि स/लोहारा। चांदनी चौक गणेशोत्सव समिति सहसपुर लोहारा।


हरिभूमि कोलेगांव। सेवाभाव गणेशोत्सव समिति कोलेगांव।


हरिभूमि कोलेगांव। सिद्धि विनायक गणेशोत्सव समिति कोलेगांव।

### भाजपा सरकार की प्राथमिकता जनसुविधाओं का विस्तार व प्रदेश का विकास: भावना बोहरा

# विधायक के प्रयासों से 5.40 करोड़ के विकास कार्यों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहें हैं।



इसी कड़ी में पंडरिया व पाण्डातराई शहर के सौन्दर्यीकरण एवं वहा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु वर्षो से मांग पर गुरूवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से पूरी हो रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई के सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना विकास हेतु 5 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इसमें नगर पालिका परिषद पंडरिया के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना, मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु 3 करोड़ रुपए एवं नगर पंचायत पाण्डातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति मिली। विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र के माध्यम से पंडरिया एवं पाण्डातराई शहर के विकास व सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, जनता की मूलभूत सुविधाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया था। उनके प्रस्ताव और जनता के हित को देखते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा आज 5 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि को पंडरिया एवं पाण्डातराई क्षेत्र के विकास हेतु स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विकास कार्यों के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है जिसके लिए श्रीमती भावना बोहरा ने पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि यह हम सभी के लिए अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि विगत पांच वर्षो में कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त होकर प्रदेश की जनता ने भाजपा पर अपना विश्वास जताया वह विश्वास अब क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के रूप में जन-जन तक पहुंच रहा है। उन्होने कहा कि जनसेवा और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता के साथ जनता की सुविधाओं और क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने का हमेशा प्रयास किया। यह जो विकास की सौगात मिली है वह भी जनता के सुझाव से ही मिले हैं, क्षेत्र की जनता से जब भी संवाद होता है तो मैनें हमेशा उनके सुझाव को प्राथमिकता से सुना है और उस पर अमल करने का प्रयास किया है। आज जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है उससे क्षेत्रवासियों में भी खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है।

#### पुनः विकास के पथ पर अग्रसर






विधायक भावना बोहरा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ें थे, जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही थी, लेकिन आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ एक बार पुनः विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। जनता को मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इन सभी विकास व निर्माण कार्यो से पंडरिया विधानसभा की जनता को लाभ मिलेगा। विकास का संकल्प और जनहित के लक्ष्य के साथ प्रगति पथ पर प्रशस्त पंडरिया विधानसभा में हो रहे विकास कार्य, अधोसंरचना के निर्माण कार्य जन आकांक्षाओं को पूरा कर रहें हैं। कांग्रेस के शासन काल में केवल भ्रष्टाचार हुए, जनता के अधिकारों का हनन किया गया और योजनाएं केवल सरकारी कागजों तक सिमित रहीं। लेकिन आज डबल इंजन की भाजपा सरकार के नेतृत्व में शासकीय योजनाएं जमीनी स्तर पर दिख रहीं हैं, भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले किसान हित में निर्णय लिया गया, आवास विहीन 8 लाख से अधिक परिवारों के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, ऐसे कई योजनाएं एवं निर्णय हैं जिनसे आज छत्तीसगढ़ की दशा एवं दिशा को बदलने का काम भाजपा सरकार कर रही है। समस्त पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को इस विकास कार्यो की सौगात के लिए बधाई दी।

## कुण्डा में पोषण माह अंतर्गत वजन त्योहार का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

आज एकीकृत बाल विकास परियोजना कुण्डा के आंगनबाड़ी केंद्र कुण्डा-03 से राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत वजन त्यौहार का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती समुंद सेवाराम कुर्रे एवं जनपद पंचायत पंडरिया सभापति श्रीमती अंजनी चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य तथा जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र में पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत के पश्चात अध्यक्ष द्वारा अन्य अतिथियों के साथ बच्चों की ऊंचाई और वजन लेने की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया की जानकारी ली गई साथ ही अतिथियों द्वारा स्वयं आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज 3 वर्ष की बच्ची उषा चंद्राकर माता प्रेमलता चंद्राकर का वजन एवं ऊंचाई भी ली गई। परियोजना अधिकारी बृजेश सोनी एवं सेक्टर कुण्डा की पर्यवेक्षक संध्या साहू द्वारा उपस्थित माताओं को बच्चों को कुपोषण व बीमारियों से बचाव के लिए विभाग द्वारा किए जाने वाले प्रयासों तथा वजन त्यौहार की आवश्यकता की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है की 1 से 30 सितंबर तक पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत 12 से 23 सितंबर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन त्यौहार का आयोजन वर्ष 2012 से सतत रूप से किया जा रहा है] वजन त्यौहार के माध्यम से शून्य से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई ली जाती है तथा उनका पोषण स्तर ज्ञात कर उनके बालकों को अवगत कराया जाता है साथ ही बच्चों को कुपोषण से बाहर रखने के लिए आवश्यक परामर्श भी दिया जाता है। श्रीमती समुंद सेवाराम कुर्रे ने कहा की आज के युग में सुपोषण के लिए जो जागरूकता आई है उसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग बधाई का पात्र है, सतत प्रयास से हम कुपोषण को दूर कर सकेंगे और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सकेंगे।

## महिला कांग्रेस का तीज मिलन कार्यक्रम 14 सितम्बर को

**हरिभूमि:कवर्धा।** महिला कांग्रेस कमेंटी द्वारा 14 सितम्बर को तीज-मिलन कार्यक्रम आयोजित जाएगी।



उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे, उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत ने बताया कि तीज-मिलन के साथ महिलाओं द्वारा खेलकूद व अन्य गतिविधियां का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से किया जा रहा है इस तीज-मिलन कार्यक्रम में महिला कांग्रेस के पदाधिकारी साथ ही जिले के महिला कार्यकर्ता भी शामिल होंगे वहीं नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। श्रीमती अनंत ने सभी महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की गई।

## धान फसल में बीमारी व लालीपन से किसान चिंतित, फसल प्रभावित


■ ग्राम कोलेगांव, कुआंमालगी व आसपास के ग्रामीण किसानों की धान फसल में लालीपन।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, कुआंमालगी सहित आसपास के ग्रामीण किसान अपनी धान फसल को लेकर चिंतित व परेशान नजर आ रहें है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार धान फसल मे बिमारी व लालीपन से किसान भारी चिंतित हैं। क्योंकि अधिकांश धान फसल की धान बाली निकलने की कगार में है जिससे धान फसल को नुकसान व भारी प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम कोलेगांव व कुआंमालगी के ग्रामीण किसानों ने बताया कि धान फसल की अच्छी पैदावार के लिए किसानों द्वारा महंगी-महंगी दवाई, खाद व कीटनाशक का छिड़काव किया जिससे धान फसल की पैदावार में बढ़ोत्तरी हो लेकिन धान फसल में बीमारी तथा लालीपन से किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहें है।

## कामठी स्कूल में साइकिल का वितरण छात्राओं के चेहरे खुशी से खिले



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में अध्ययनरत कक्षा नवमी कें 76 छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना कें तहत शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारिका विश्वकर्मा, पालक सदस्य लकेश यादव, सुशील यादव, पंचराम पटेल, मोहित यादव कें करकमलों से प्रदान किया गया। अध्ययनरत छात्राएं सायकल पाकर भारी उत्साहित व प्रफुल्लित नजर आएं। प्राचार्य आरएन राजपूत ने बताया कक्षा नवमी में अध्ययनरत 76 छात्राओं को सायकल प्रदान की गई है, उन्होने बताया कि छात्राएं दूर-दराज से पढ़ाई-लिखाई करने आते है इससे उन्हें आने जाने में सुविधा मिलेगी साथ ही साथ सभी बच्चों को सायकल का सदुपयोग करने कहा गया। इस दौरान विद्यालय कें व्याख्याता हीरालाल छापरीया, राजेश शर्मा, मनोज आदित्य, तुलस चंद्राकर, कोमल धृतलहरें व गणमान्य नागरिक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




**खबर संक्षेप**



## दोस्तों के साथ मिलकर साले ने जीजा को पीटा

**कवर्धा।** एक सनकी युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने ही जीजा की बेरहमी से पिटाई कर दी है, जिससे पीड़ित को काफी चोटें आई है। जानकारी के मुताबिक आरोपी साला विश्वामित्र और उसके चार दोस्तों ने जीजा धर्मराज वर्मा को कमरे में बंद कर बेल्ट और पाइप से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। मारपीट की खबर लगते ही गांव वालों ने युवक को उसके साले के चंगुल से छुड़ाया और मारपीट करने वाले लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में पुलिस ने यह मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र के नाउडीह गांव का है। पुलिस ने पीड़ित की रपट पर आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

## पीएमईजीपी अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सहायक केंद्र प्रवर्तित योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम को वित्तीय वर्ष 2024-25 अंतर्गत 42 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत आवेदन

**आदेश: डीजे लगाने वाली गाड़ियों का परमिट होगा निरस्त**

# डीजे के कोलाहल से मिलेगी मुक्ति, नई गाइड लाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद डीजे को लेकर राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाईड लाईन का अगर प्रशासन ने कड़ाई से पालन कराया तो माना जा रहा है कि आने वाले गणेश विसर्जन, दुर्गोत्सव, भगवान विश्वकर्मा उत्सव, लक्ष्मी उत्सव तथा शादी विवाह के दौरान कबीरधाम जिले में डीजे साऊड की कानफोडू और दिल को दहला देने वाला कोलाहल नहीं सुनाई देगा। दरअसल छत्तीसगढ़ में डीजे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य सरकार ने डीजे को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब डीजे लगाने वाली गाडियों का परमिट निरस्त किया जाएगा। नई गाईडलाईन का सख्ती से पालन करने के लिए सभी कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन की नई गाईडलाईन के मुताबिक कोई भी वाहन अगर डीजे लगाए हुए दोबारा पकड़ा गया तो उसका परमिट रद्द कर दिया जाएगा। उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई होगी। डीजे संचालकों पर भी नियम का पालन नहीं करने पर अवमानना की कार्यवाही की जाएगी। यह निर्णय उच्च न्यायालय के 2017 के आदेश के बाद लिया गया है, जिसमें डीजे और ध्वनि प्रदूषण को लेकर सख्त आदेश दिए गए थे। जनहित याचिका के जरिए इस मामले की कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही है और कोर्ट ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ चल रही सुस्त कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में शादी विवाह से लेकर विभिन्न धार्मिक अवसरों पर डीजे का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जाता है। इन विशेष अवसरों पर क्या शहरी और क्या गांव हर तरफ डीजे का कान फोडू और दिल को दहलादेने वाला कोलाहल सुनाई देता है। जिसके संबंध में लोगों द्वारा लगातार शिकावा शिकायते भी स्थानीय प्रशासन से की जाती रही है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। लेकिन अब जिस ढंग से सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती के बाद राज्य शासन ने डीजे को लेकर नई गाईडलाईन जारी की है उसे लेकर माना जा रहा है कि अगर प्रशासन इसका कड़ाई से पालन कराता है तो लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है।

**जिले के शहरी व ग्रामीण अंचलों में दर्जनों डीजे संचालक**



यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले में डीजे संचालकों की संख्या में दर्जनो में है। शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों तक में डीजे का भारी चलन है। प्रायः चार पहिया वाहनो में ही डीजे का पूरा तामझाम सजा रहता है। इसमें बड़ें-बड़े साऊड बाक्स के साथ हजारों वॉट के एम्प्लीफायर और रंगबिरंगी डिजिटल लाईट का पूरा सिस्टम सजा होता है। जिसे भारी शोर तथा धरती और इंसान के दिल की धड़कन को कंपाने वाली धमक के साथ शहर व गांव की गली-गली घुमाया जाता है। डीजे अगर किसी घर के बगल से निकल जाए तो घर में रखे बर्तन तक खनकने लगते हैं। जो निश्चित रूप से बेहद खतरनाक है। यही वजह है कि इस रोक लगाने की मांग लम्बे अर्से से उठ रही थी, जो अब जाकर पूरी होते दिखाई दे रही है।



# रश्मि विजय शर्मा रामधुनी संकीर्तन कार्यक्रम में हुई शामिल

- ग्रामीणों ने श्रीमती शर्मा का किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि शर्मा गुरूवार को एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने ग्राम बाघुटोला और बीरूटोला पहुंची। जहां स्थानीय ग्रामीणों ने उनका फूलमाला तथा श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। यहां श्रीमती शर्मा ग्रामवासियों द्वारा आयोजित रामधुनी संकीर्तन कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने भगवान राम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। श्रीमती शर्मा ने फूलों से सजे पालने में बैठे प्रभु श्रीहरि के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल को श्रद्धाभाव से झूला झुलाया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर राम नाम संकीर्तन भी किया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रश्मि शर्मा ने कहा कि रामधुनी एक पारंपरिक भक्ति संगीत है जो भगवान राम की स्तुति में गाया जाता है। यह एक प्रकार का भजन है जो भक्तों को भगवान के करीब लाने में माध्यम है। इस दौरान उनके साथ नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, सतविंदर पाहुजा अध्यक्ष महिला मोर्चा, सवीता ठाकुर, भारती गुप्ता महामंत्री महिला मोर्चा, संतोषी मरकाम सरपंच बागुटोला, ईश्वरी साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, लोकचंद साहू, गोवर्धन साहू, झूलेलाल पटेल, भगत पटेल, रामकुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे।

# युकां व एनएसयूआई ने पंडरिया महाविद्यालय में दिया धरना

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय विद्यार्थियों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर गुरूवार को युवा कांग्रेस व एनएसयूआई पंडरिया के सयुंक्त नेतृत्व में नगर पंचायत पंडरिया में संचालित इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया तथा मांगों से संबंधित एक ज्ञापन शासन-प्रशासन के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा गया। पंडरिया के युवा नेतृत्वकर्ता आनंद सिह ठाकुर के मार्गदर्शन व एनएसयुआई जिला अध्यक्ष शितेश चंद्रवंशी के निर्देश तथा ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल, मनीष शर्मा की उपस्थित में आयोजित इस धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रभान कोसले ने कहा कि महाविद्यालय को राजनीति का गढ़ बना दिया गया है। बाहरी लोग यहां की छात्राओ को दबाव पूर्वक भारतीय जानता पार्टी की प्राथमिकता सदस्य बना रहे हैं जो अनुचित है। वहीं इस तानाशाही पर महाविद्यालय प्रबंधक मौन धारण करे हुए हैं। श्री कोसले ने कहा कि हमने महाविद्यालय में नियमित प्राध्यापकों की कमी को तुरंत दूर किए जाने, महाविद्यालय परिसर में भारतीय जानता पार्टी के प्राथमिकता सदस्यता पर तुरंत रोक अभियान पर तत्काल रोक लगाए जाने, राजनीति दबाव के जलते पूर्व छात्र संघ अध्यक्षों की सूची को हटाया गया उसे तुरंत बहाल किए जाने, महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए मेन रोड यात्री प्रतीक्षालय के पास बस स्टॉपेज किए जाने ताकि सभी विद्यार्थियों कों महाविद्यालय आने जाने मे सुविधा मिल सके , महाविद्यालय के गतिविधिओं का फोटो डिस्प्लेय बोर्ड पर लगाए जाने, महाविद्यालय मे नियमित छात्रों का आईडी तुरंत बनवाए जाने और उसके आधार पर महाविद्यालय में प्रवेश तथा सुविधाएं दिए जाने तथा विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यहार बंद किए जाने की मांग महाविद्यालय प्रबंधन के समक्ष रखते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। श्री कोसले ने कहा कि अगर आने वाले दिनो में इन मागों को पूरा नहीं किया जाता तो युका व एनएसयूआई एनएच 30 में चक्काजाम करने बाध्य होगा। कार्यक्रम को ब्लॉक अध्यक्ष विकास हिनवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय प्रबंधक को विद्यार्थियों की समस्याओं से अवगत कराए जाने के बाद भी समस्याओं का सामाधान नहीं किया जा रहा है यही वजह है कि आज विद्यार्थियों को धरने पर बैठने मजबूर होना पड़ा है। उन्होने समस्याओं के तत्काल समाधान कराए जाने की मांग की है। इयस अवसर पर प्रमुख रूप राजमणी चतुर्वेदी, नितेश, श्रवण साहू, अजय बंजारे, शशि सेंडर रामा विश्वकर्मा गनी साहू, आरिफ खान, यथार्थ, रोशन, सबरीना, शारदा, कुणाल कश्यप, वरुण ठाकुर, रंजीत भास्कर, अनुप टंडन, संजना, पूनम, अर्चना, महेश्वरी, राजा, अमित, चंद्रकांत, तुलारामा बंजारे, प्रवीण, विकास, मोहबत खांडे, गजपाल महिपाल, संतन, संतुराम, धनेश कुमार, बंटी, अजय, साहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बोड़ला जनपद पंचायत में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दी दबिश, सरपंचों ने रिश्वत मांगने पर की थी शिकायत

- जनपद पंचायत बोड़ला के बाबू व सीईओ से की जा रही है पूछताछ, क्षेत्र में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के जनपद पंचायत बोड़ला में गुरूवार को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दबिस दी है। बताया जाता है कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम सरपंचों की शिकायत पर गुरूवार की शाम जनपद पंचायत बोड़ला में कार्यवाही करने पहुंची है। आरोप है कि जनपद पंचायत बोड़ला में पदस्थ बाबू नरेन्द्र राउतकर द्वारा संरपंचों से भवन निर्माण के एवज में 1 लाख 20 हजार रूपए की मांग की गई थी। जबकि बताया ये भी जा रहा है कि श्री राउतकर 1 लाख रूपए की रकम पहले ही सरपंचों से वसूल चुके है। श्री राउतकर द्वारा पुनः 1 लाख 20 हजार रूप की मांग करने के बाद ग्राम पंचायत दुर्जनपुर के सरपंच व कुकुरापानी के सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम बैगा ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से कर दी। शिकायत के आधार टीम गुरूवार की शाम सीधे जनपद पंचायत बोड़ला पहुंच गई और जनपद पंचायत कार्यालय के मुख्य गेट को बंद कर अंदर दाखिल हो गई। जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने जनपद पंचायत बोड़ला में पदस्थ बाबू नरेन्द्र राउतकर से पूछताछ शुरू की और उनके बयान के आधार पर जनपद पंचायत बोड़ला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनीष भारती से भी पूछताछ की जा रही है। खबर ये भी है कि एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम जनपद सीईओ के घर भी पहुंची है। वहीं बाबू को टीम अपने साथ ले गई है। एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्यवाही के बाद बोड़ला सहित समूचे जिले में सनसनी फैल गई है। समाचार लिखे जाने तक एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्यवाही जारी है।




# सुतियापाट नदी के एनिकट रपटा में बुजुर्ग का घंटों बाद भी नहीं मिला सुराग

- पुलिस टीम द्वारा लगातार चलाया जा रहा है रेस्क्यू ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



स. लोहारा थाना क्षेत्रांतर्गत सुतियापाट नदी के एनिकट रपटा पुल में बहे बजुर्ग का घंटों बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। थाना लोहार पुलिस व रेस्क्यू टीम लगातार बुजर्ग को तलाशने रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है लेकिन उसे अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरसन गोंड पिता स्वर्गीय तुलाराम गोड आयु 60 वर्ष निवासी खजरी कला कल्याणपुर थाना सहसपुर लोहारा बीते बुधवार की सुबह करीबन 5:45 बजे बाड़ी जाने के लिए निकला था। इसी दौरान सुबह करीब 6:00 बजे सुतियापाट नदी के एनिकट रपटा पुल को पार करते समय वह पानी के तेज बहाव से बहकर रपटा पुल के नीचे गिर गया। जिसे रपटा पुल के नीचे गिरते गांव के ही सुख चैन पटेल व कान्हा ने देखा और इसकी जानकारी स.लोहारा पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस व रेस्क्यू टीम सुबह 8:00 बजे से घोठमा नवापारा एनिकट एवं सिंघनगढ़ पुल के पास, बिसाटोला के पास लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है लेकिन अभी तक लापता बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जानकारी के अनुसार कल सुबह फिर से रेस्क्यू टीम एवं एसडीआरएफ टीम के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।



# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आदिवासी विकास विभाग द्वारा शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय में अध्ययन कर रहें अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी से पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए है। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 तक निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने के लिए 14 नवम्बर तक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने के लिए 21 नवम्बर 2024 तक का समय रहेगा। निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जाएगा। सभी विद्यार्थी आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि कराएं। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाएगा। वर्ष 2024-25 से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाइन आवेदन करते समय किया जाना है।

**बांध से लगातार बह रहा है पानी, फिलहाल नहीं हो पा रही है मरम्मत**

# समय रहते गेट नहीं खुलने से फूटा रेंगाखार जंगल का गोपीखार बांध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते दिनो अंचल सहित वनांचल ईलाकों में लगातार हुई भारी बारिश के चलते वनांचल ग्राम रेंगाखार जंगल के पास स्थित गोपीखार बांध मंगलवार रात को फूट गया। बताया जाता है कि करीब 49 साल पुराने इस बांध के गेट में जंग लग गया था जिसकी वजह से गेट समय रहते खुल नहीं पाया और पानी के प्रेशर से बांध में 10 फीट से बड़ा होल हो गया, जिससे लगातार पानी बह रहा है।

बांध के फूटने के बाद रेंगाखार-अड़वार और रोल जाने का रास्ता बंद हो गया है। उल्लेखनीय है कि रेगाखर जंगल में वर्ष 1975-76 में गोपीखार बांध का निर्माण किया गया था। करीब 15 एकड़ में फैले इस बांध में जलभराव क्षमता करीब 10 मिलियन घन मीटर है। बीते दो दिन से क्षेत्र में तेज बारिश होने के कारण नदी-नालों के जरिए पानी की आवक से बांध लबालब हो गया था। ऐसी स्थिति में बांध का गेट खोला जाना था। लेकिन एकमात्र गेट में जंग लग चुका था। वहीं गेट के पास ही छोटा होल था।

पानी का प्रेशर पड़ने से मंगलवार रात करीब 2 बजे बांध फूट गया और बांध में करीब 10 फीट से बड़ा होल हो गया है, जिससे लगातार पानी बह रहा है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे का कहना है कि एसडीएम व जल संसाधन की तकनीकी टीम ने बांध का निरीक्षण किया है। लेकिन जल संसाधन विभाग के इंजीनियर, तकनीकी टीम और एसडीएम मौका निरीक्षण करने के बाद कहा है कि बांध की रिपेयरिंग करना फिलहाल मुश्किल लग रहा है। क्योंकि बांध से इतनी तेजी से पानी बाहर जा रहा है, जिससे मशीनों को नीचे उतारकर बांध में सुधार कार्य करना कठिन है। पानी का बहाव कम होने के बाद ही सुधार कार्य संभव हो पाएगा।



# दलपुरूवा में तीन दिवसीय योग शिविर व प्रवचन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से 26 किलोमीटर दूर योग ग्राम दलपुरुवा में इन दिनों 3 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है वहीं शाम को 3 से 6 बजे संगीयमय प्रवचन आयोजित किया जा रहा है। इस गीता प्रवचन कार्यक्रम में पधारे पतंजलि योग पीठ के योगगुरु स्वामी बाबा राम के शिष्य स्वामी नरेंद्र देव ने आज प्रथम सत्र में ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। इस दौरान पतंजलि योग परिवार के सभी सदस्य व ग्रामीण जन मौजूद थे। स्वामी नरेन्द्र देव ने कहा कि जब हम रोगी होते है शरीर बीपी, शुगर, किडनी फेल, लिवर खराब व नाना प्रकार के बीमारियों से ग्रस्त होते है तो सारा व्यापार, धंधा, खेती बाड़ी सब बंद हो जाता है। इसलिए 24 घंटे में केवल 1 घंटे भगवान की दी हुई मानव काया के लिए निकालकर योग करिए। बाकी 23 घंटे आप अपने हिसाब से समय का उपयोग कीजिए। 24 घंटे में एक बार सुबह-सुबह शरीर को सजाना है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मन होगा इसलिए प्रतिदिन योग करें। आज के कार्यक्रम में प्राणयाम आसन, ध्यान व योग कराया गया। स्वामी जी ने कहा कि सप्ताह में एक दिन यज्ञ करें। आयुर्वेदिक को अपनाएं सभी स्वस्थ रहेंगे। भारतीय संस्कृति हमारी विरासत है। इस कार्यक्रम के आयोजन समिति अध्यक्ष भुनेश्वर चन्द्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, हजारी चंद्रवंशी, हरेंद्र चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, रमा चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, इश्वरी, पूरन के साथ सभी ग्रामीण जन उपस्थित थे।

